>

Title: Need to construct bypass road in Gumla city, Lohardaga Parliamentary Constituency, Jharkhand-laid.

श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा): मेरे संसदीय क्षेत्र लोहरदगा अंतर्गत गुमला जिले के शहर के बीच में कई राज्यों से भारी यातायात आता जाता है एवं बड़े भारी वाहन शहर के बीचोंबीच निकलते हैं। इन वाहनों से दुर्घटनाओं के कारण जिला प्रशासन द्वारा सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक शहर के बीच से भारी यातायात को बंद कर दिया जाता है, जिसके कारण यह बड़े वाहन शहर के बाहर 12 घंटे तक खड़े रहते हैं जिसके कारण समय की बर्बादी होती है। गुमला शहर के लिए एक बाईपास का प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है। इसका शिलान्यास भी हो चुका है, परन्तु आज तक यह बाईपास नहीं बना है, जिसके कारण गुमला शहर का यातायात प्रायः जाम रहता है और कई दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। उक्त बाईपास को तत्काल बनवाया जाये।